Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 27-07-2022 | अंक 297

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### बाइक के चपेट में आने से एक व्यक्ति हुआ घायल, रेफर



बरही बाजार में सब्जी खरीदने आए एक व्यक्ति बाइक के चपेट में आने से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति का नाम उमेश प्रसाद उम्र 51 वर्ष पिता रामचंद्र प्रसाद पदमा के निवासी है। बरही बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान सफेद रंग की अपाचे बाइक ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगो के सहयोग से घायल को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## सूचना

कोल्हुआकला पंचायत के बाराडीह निवासी मो जलालुद्दीन की पत्नी मुनेजा खातून दिन रविवार दोपहर के 2 बजे नदी नहाने निकली थी। जो अब तक घर लौटकर नहीं आई है। इस बात की सूचना समाजसेवी संजय यादव, मुखिया मंगलदेव यादव एवं पंसस प्रतिनिधि मणिलाल यादव ने संयुक्त रूप से दिया है।

# भंडारों पंचायत में लगातार बालू तस्करी जारी, प्रशासन बेखबर









**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

मानसून के आगमन के पूर्व बालू घाटों वा नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है। एनजीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नही किया जाना है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश ने कहा है की वन एवं पर्यवारण मंत्रालय ने बालू उत्खनन गाइडलाइन 2016 में खनन के लिए कुछ प्रावधान तय कर रखा है। इसके मुताबिक बरसात के मौसम में नदी क्षेत्र से बालू नही निकाला जा सकता है। जिले में इस आदेश को खनन विभाग ने प्रभावी तरीके से लागू कर दिया है। कहीं भी अवैध बालू उठाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई किया जाना है। बावजूद इसके भंडारों पंचायत के कई नदियों से अवैध तरीके से बालू उठाव हो रहा है।

एन जी टी लागू के बाद भी बालू का तस्करी चरम पर है। आलम यह है की बाजार में बालू की कीमत चार से पांच हजार रुपए ट्रैक्टर हो गई है। आम जनता बालू के लिए दर दर भटक रही है। फिर भी उन्हें जरूरत के मुताबिक बालू नही मिल पा रहा है। अगर बालू मिल भी रहा है तो इसके लिए उन्हें दोगुनी से ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है।

इस समय बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बालू माफिया और बिचौलियों की बल्ले – बल्ले हो रही है। भंडारों पंचायत मे लगभग हजारों ट्रेवेटर बालू डंप करके रखा गया है। इसके पीछे बालू की किल्लत बताई जा रही है। वहीं बालू माफिया राजस्व विभाग को भी चुना लगा बालू माफिया क्षेत्र में मन चाहा दर लगाकर अवैध बालू का कारोबार चला रहे है। बालू माफिया नदी से मुफ्त में बालू उठाते है। और नदी से अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर मुख्य सड़क में आते ही उसकी एक मोटी रकम में बदल जाती है। दर की बात फिक्स होते ही रातों रात बालू का कारोबार शुरू हो जाता है। इस तरह से बालू माफिया एक दिन में सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू चोरी करते है। अवैध बालू की खबरे अखबार में कई बार प्रकाशित किया गया है। लेकिन आज तक बरही प्रशासन सिर्फ हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इसी संदर्भ में बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने बताई की इस बात की जानकारी मुझे नही मिली थी जिस जगह की जानकारी मिली हमलोग तुरंत कार्रवाई कर बालू को जब्त कर एफआईआर दर्ज किए है। और अगर बरही में बालू तस्करी चल रही है तो अवश्य अवैध बालू को जब्त कर एफआईआर दर्ज किया जायेगा।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य, नही तो होगी कार्रवाई : एसडीओ

### लाइसेंस के लिए लगेगा कैम्प, तिथि निर्धारित, 4 अगस्त को बरही में लगेगा शिविर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पूनम कुजूर

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत बरही अनुमंडल में संचालित खाद्य कारोबारियों को अपने संस्थान का लाइसेन्स लेना अनिवार्य है। जिनका टर्न ओवर प्रति वर्ष 12 लाख है, उन्हें 100 रुपये प्रति वर्ष पंजीयन शुल्क देय होगा। वही 12 लाख से ऊपर सालाना टर्न ओवर वाले खाद्य कारोबारियों को लाइसेन्स के लिए 2000 रुपये प्रति वर्ष देना होगा। मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए लाइसेंस के लिए प्रति वर्ष 3000 रुपये देने होंगे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से एसडीओ सह अभिहित अधिकारी पूनम कुजूर ने दी है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत हर खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है ,ऐसा नहीं करने पर अधिनियम के अनुसार 6 माह का कारावास एवं 500000 का जुर्माना का भी प्रावधान किया गया है बताया गया है कि खाद्य कारोबारियों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है । पहला कैटेगरी में वैसे खाद्य कारोबारियों को शामिल किया गया है जिसका सालाना टर्नओवर 1200000 तक है । दूसरा कैटेगरी में वैसे खादय कारोबारियों को शामिल किया गया है, जिनका टर्नओवर चलाना 12 लाख से अधिक है एवं तीसरा कैटेगरी में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को शामिल किया गया है । लाइसेंस लेने के लिए प्रत्येक प्रखंड में शिविर की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिसके अनुसार बरकट्ठा में 27 जुलाई 2022 चौपारण में 29 जुलाई 2022 एवं बरही प्रखंड में 4 अगस्त 2022 को कैम्प लगाकर आवेदन लिए जा सकेंगे। इन तिथियों में आकर अपने अपने संस्थान का लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं ।इसके लिए पूरा आईडी एवं एड्रेस प्रूफ के साथ मोबाइल नंबर एवं संस्थान से संबंधित अन्य कागजात अटैच करना होगा । खाद्य कारोबारियों में जिन्हें चिन्हित किया गया है । उनमें खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, विनिर्माता, होटल रेस्टोरेंट, कैटरर, मछली दुकान, अंडा दुकान, सब्जी व फल दुकान, दूध दुकान, फूड सप्लीमेंट बेचने वाले दवा दुकान, सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी परिसर में संचालित कैंटीन एवं स्टोर रूम शामिल है।

## दिवंगत युवा नेता सह पत्रकार अजय दुबे के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अजय दुबे की असामयिक मृत्यू से पार्टी ने निष्ठावान सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता को खोया है।दुख की इस घड़ी में हम सभी भाजपा परिवार आपके साथ है और रहेगा। उन्होने कहा कि हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा,दिल के बेहद करीब रहने वाले छोटे भाई अजय दुबे जी का असमय काल के गाल में समा जाना मन को झकझोर कर रख दिया है। इनके साथ बिताए गए पल, राजनीतिक जीवन में आपका सहयोग एवम् परामर्श काफी मूल्यवान साबित हुआ है। इनके जैसा गंभीर व्यक्तित्व व कुशल नेतृत्वकर्ता का समय से पूर्व साथ छूटना पार्टी के लिए व मेरे लिए भी अपूरणीय क्षति है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,युवा नेता रितेश गुप्ता, गोलु रजक,मणिलाल यादव, टेकलाल यादव, ज्योतिष यादव,मणितोष यादव,सचिन यादव आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

## देश की आंतरिक शांति व्यवस्था बनाए रखने में सीआरपीएफ के अहम योगदान है : राजीव सिंह

### सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर मेला, खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन, देशी विदेशी हथियारों की लगी प्रदर्शनी



मेला एवन खेल कूद कार्यक्रम का शुभारंभ करते कमांडेंट राजीव सिंह एवं अन्य


खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेता जवान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सीआरपीएफ के 84 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कोबरा 203 वाहिनी के मुख्यालय में मेला एवं खेल कूद प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोबरा सीओ राजीव कुमार सिंह ने किया। समारोह में अधिकारी से लेकर जवान अनुशासन के साथ उमंग में सराबोर दिखे। मेला में बच्चों एवं महिलाओ के लिए अलग अलग वैरायटी के व्यंजन, खेल की भी व्यवस्था की गई थी। मेला में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए लोन कैम्प का भी आयोजन किया गया।इसके अलावा एसबीआई, आईसीआई सीआई बैंक के द्वारा भी लोन कैम्प का आयोजन किया गया।

हथियार प्रदर्शनी का आयोजनरू मेला में हथियार प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमे देशी एवं विदेशी हथियार को शामिल किया गया। इसमे अपने देश भारतीय, स्वीडन, इंग्लैंड, बुल्गेरिया, बेल्जियम, रूस , साउथ अफ्रीका में बने हथियार राइफल, मोर्टार सहित कई तरह के हथियार शामिल था। मौके पर उपस्थित लोगों को उन हथियार के बारे में बताया भी गया। लोग हथियार के साथ खुद या फैमिली के साथ उत्साहित होकर फ़ोटो खिंचाते देखे गए। इसमे कोबरा के जवान भी सहयोग करते दिखे। मौके पर कोबरा मुख्यालय में वाहिनी के कर्तव्यनिष्ठ जवान जिन्होंने वीरगति को प्राप्त किया । उन्हें कमांडेड राजीव कुमार सिंह 203 कोबरा वाहिनी, सभी पदा. धिकारी गण और जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की । मौके पर कमांडेंट ने सीआरपीएफ एवं 203 कोबरा वाहिनी के शानदार उपलब्धियों एवं उनके गौरवमयी इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की विभिन्न हिस्सों में आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद को खत्म करने के उद्देश्य से इस महान बल सीआरपीएफ एवं 203 कोबरा वाहिनी का गठन किया गया है। सीआरपीएफ की स्थापना 27 जुलाई 1939 को एवं 203 कोबरा वाहिनी के स्थापना 28 जुलाई 2009 में हुई थी । लगातार नक्सलियों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है पिछले 14 वर्षो से झारखंड के नक्सल क्षेत्र में शांति और सुरक्षा कायम करने में कोबरा वाहिनी काफी सफल रही है । जनता को संदेश देते हुए कमांडेंट ने कहा कि हम लोग जनता के लिए ही कार्य कर रहे हैं । जो लोग समाज की मुख्यधारा से भटक गए हैं । वह सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में सहयोग करें और समाज की मुख्यधारा में जुड़े। ताकि देश और समाज में उनका अपना पहचान बन सके और देश के विकास में उनका योगदान समाहित हो सके । समारोह के अवसर पर क्रिकेट ,फुटबॉल ,वॉलीबॉल और मटकी फोड़ जलेबी दौड़ रिंग रिंग , रस्साकस्सी, आदि विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में हर वर्ग के जवानों ने भाग लिया। खेलकूद के प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चे और महिलाओं में भी काफी उत्साह देखा गया । प्रतियोगिता में सफल जवानों एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सीओ राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने ट्र०फी देकर सम्मानित ।समारोह में डॉ प्रवीण कुमार , सीएमओ एसओ जितेंद्र कुमार ,उप कमांडेंट भूपेंद्र पाल शर्मा ,अशोक कुमार, निर्भय द्विवेदी, सहायक कमांडेंट चंदूनी , किरण कुमार ,शर्मा करण अजय, रवि प्रताप सिंह ,परितोष कुमार द्विवेदी ,महेश चंद्र बलाई, निरीक्षक अभिषेक कुमार ,उपनिरीक्षक पंकज यादव, मुख्य आरक्षी प्रेम सिंह, अनिल कुमार सिंह ,धर्मवीर ,शिवकुमार ,आरक्षी जगलाल ,राकेश पंडित इत्यादि जवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।




## विकास से कोसो दूर है केदारूत पंचायत का घियाही

### सिर्फ वोट मांगने आते है नेता : ग्रामीण


सड़क का स्थिति


ग्रामीणों के द्वारा बनाया गया पूल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के घियाही गांव आजादी के 75 वर्ष बाद भी विकास से कोसों दूर है। आर ई ओ रोड से घियाहि गांव की दूरी लगभग 2 किलोमीटर है। जो जंगल के बीच से होकर गुजरती है। ग्रामीणों ने बताया की जब चुनाव का समय आता है तब वोट लेने के लिए सभी जनप्रतिनिधि आते है और तरह तरह के वादा करते है। चुनाव जीतने के बाद चुपचाप सो जाते है। साथ ही उन्होंने कहा की हमारे गांव में सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है, बरसात के समय में गांव से बाहर जाना दुभर हो जाता है। अगर कोई बीमार हो जाता है तो उसे अस्पताल ले जाने के लिए सोचना पड़ता है। लेकिन हमारी परेशानियों से बरही के किन्ही जनप्रतिनिधियों को कोई फर्क नही पड़ता है। बस हमे वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को देखते हुए हम सभी गांव वाले खुद मिलकर रास्ते में लगभग दो लाख के लागत से पुलिया का निर्माण किया और आस पास मिट्टी को फिलिंग कर उसे चलने लायक बनाया। इस संदर्भ में विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव ने बताया की घियाही रोड का टेंडर पास हो गया है। सितंबर या अक्टूबर में रोड निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

APEM
LIVE

दिनांक: 27-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## ब्रह्माकुमारीज संस्थान की ओर से रक्षा बंधन व राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन

### महिला थाना प्रभारी, स्वास्थ्यकर्मियों एवं मीडियाकर्मियों





रक्षा सूत्र बांधती ब्रह्माकुमारी से जुड़ी बहने

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

ब्रह्माकुमारीज संस्थान पटना रोड नहर के पास सेवा केंद्र द्वारा षदिव्य रक्षाबंधन एवं राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रमष का शुभारंभ बुधवार को पवित्र मास सावन में किया गया । इस क्रम में ब्रह्माकुमारी बहनें सभी विभागों में जाकर के ईश्वरीय रक्षा सूत्र एवं राजयोग मेडिटेशन सिखा कर सभी की सुखी जीवन की मंगल कामना परमात्मा शिव से किया गया। ब्रह्मा कुमारी रीना बहन ने कहा कि सच्चे अर्थों में ईश्वर से रक्षा उन्हीं आत्माओं की होती है जो ईश्वर के द्वारा बताए गए नियम और मर्यादाओं को पालन करते हैं और सहज राजयोग मेडिटेशन परमात्मा शिव द्वारा बताए गया श्रेष्ठ मार्ग हैं। राजयोग हर एक आत्माओं को सीखकर अपने जीवन में सत्य ज्ञान को अवश्य धारण करना चाहिए ईश्वरीय रक्षाबंधन सभी भाई बहनों को खुशी से स्वीकार कर ईश्वर से सुरक्षा का वरदान लेना चाहिए। ब्रम्हाकुमारी रोशनी बहन ने कहा पूरे सावन माह सभी को ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांध सभी को स्वस्थ एवं निर्विघ्न जीवन जीने की प्रेरणा देती है। रोशनी बहन सभी को आत्म- स्मृति का तिलक लगाकर स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा शिव पिता से सर्व शक्तियां लेने की विधि सिखाई। बीके रामदेव ने कार्यक्रम का जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान का भी जानकारी दिया संस्था का परिचय भी दिया। बीके सहदेव भाई भी कार्यक्रम में उपस्थित है कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी बबीता कुमारी को ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधकर ईश्वरीय सौगात दिया गया

अनुमंडलीय अस्पताल के अधिकारियों को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा गया शहर के व्यवसायी वर्ग के लोगों को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा गया। अपेम अध्यक्ष को भी रक्षा सूत्र बांधा गया। मीडिया कर्मियों को भी ईश्वरीय रक्षा सूत्र एवं ईश्वरीय सौगात दे सुखद जीवन की कामना किया गया

## चाणक्य आइएएस एकेडमी में चार दिवसीय निः शुल्क करियर गाइडेंस कार्यक्रम 30 जुलाई से शुरू

### नए बैच की शुरुआत 5 अगस्त से

**अपेम लाइव : हजारीबाग**





हजारीबाग। चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से 30 जुलाई से 2 अगस्त तक चार दिवसीय निरू शुल्क करियर गाइडेंस कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित संस्थान के हजारीबाग शाखा में होगा, जहां संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा व संस्थान के एकेडमिक हेड अनवर हुसैन सहित विशेषज्ञ व अनुभवी शिक्षकों की टीम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने इस संदर्भ में कहा कि जैक एवं सीबीएसई बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित किया जा चुका है। ऐसे में विद्यार्थियों के साथ साथ उनके माता-पिता भी अपने बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए सचेत रहते हैं और उसके निराकरण के लिए चाणक्य आइएएस एकेडमी समय समय पर करियर गाइडेंस कार्यक्रम कराती है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन मिले और उन सभी कि भविष्य उज्जवल हो। साथ ही उन्होंने बताया कि इस करियर गाइडेंस के दौरान विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही बताया जाएगा कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को किस आधार पर पढ़ाई करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि कई बार मार्गदर्शन के अभाव में प्रतिभाएं अपनी मंजिल पाने से वंचित रह जाते हैं। दरअसल वैसी प्रतिभाओं के मंजिल की तालाश पूरी हो, इसी उद्देश्य से करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। करियर गाइडेंस में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी चाणक्य आइएएस एकेडमी शाखा में आकर या 7303763225 पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं यूपीएससी एवं जेपीएससी के लिए 3 वर्षीय फाउंडेशन कोर्स समेत अन्य कोर्सो के लिए नए बैच की शुरुआत आगामी 25 अगस्त से होगी।

## अमृत महोत्सव के तहत बरही नगर भावन में बिजली महोत्सव का किया गया आयोजन



दीप प्रज्वलित करते हुए अतिथिगण





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड परिसर में स्थित नगर भवन में बुधवार को अमृत महोत्सव के तहत बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला, डीवीसी डायरेक्टर संजय कुमार, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी. आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव एवं जीप सदस्या प्रीती कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर बिजली महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगो को बिजली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री कुसुम योजना की जानकारी देते हुए लोगो को खेतों में सोलर प्लांट लगाने के प्रेरित किया गया। विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की 2014 में झारखंड राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता 2,48,554 मेगावाट से बढ़ाकर वर्तमान में चार लाख हो गई है। जो हमारी मांग से 1,85,000 मेगावाट से अधिक है। भारत अब अपने पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात कर रही है। साथ ही साथ उन्होंने बिजली विभाग से आग्रह किया की अगर कोई भी व्यक्ति बिजली बिल नही चुकाता है। तो उसपर प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय उसे पहले नोटिस जारी कर सूचना दे। साथ ही साथ उन्होंने कहा की सौर पंपों को अपनाने के लिए शुरू की गई योजना जिसके तहत केंद्र सरकार 30 % सब्सिडी देगी और राज्य सरकार 30% सब्सिडी देगी एवं 30% फीसदी लोन की सुविधा मिलेगी। वहीं उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए सभी से अपील किया की बिजली का कम खपत करे। मौके पर डीवीसी डायरेक्टर संजय कुमार, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सी ओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, जीप सदस्या प्रीती कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, दीपक गुप्ता, सुनील साहू, नरेश सिंह सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाया लाखो का जेवर, थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी इंद्रदेव प्रसाद पिता तिलक महतो ने बरही थाना में आवेदन देते हुए बताया की दुधपनिया में मेरा एक कपड़ा दुकान है। प्रत्येक दिन के तरह मैं रात को करीब 8 बजे दुकान को बंद करके अपना गांव कोरियाडीह आ गया। जब मैं सुबह 9 बजे अपना दुकान खोला तो देखा कि दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ है और कपड़ा रैक से 15 से 20 जींस पेंट गायब और कैश काउंटर टूटा हुआ पाया। काउंटर से बीस हजार रूपया गायब पाया, मेरा बेटा अपनी पत्नी के साथ कुछ काम से ससुराल गया हुआ है जब मैं उनका कमरा गया तो गोदरेज का भी ताला टूटा हुआ था। जिसमे से सोने का झुमका एक सेट, कान का फुलट०प एक सेट, सोने का मंगलसूत्र, सोने का अंगूठी, एक जोड़ा हाथ का कंगन, दो जोड़ा चांदी का पायल, सोने का नथिया और चांदी का बिछिया गायब है। जिसका कीमत लगभग दो लाख है। साथ ही उन्होंने थाना में आवेदन देते हुए उपरोक्त घटना की जांच कर न्याय दिलाने का मांग किया है।









डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पूर्व विधायक ने भटबिगहा में जागरण मंच का किया उदघाटन, भक्ति गीतों से सबको झुमाया

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भटबिगह में भक्ति जागरण मंच का उदघाटन किया। गोविंदपुर पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव के मृतक दादा के श्राद्ध कार्यक्रम में जागरण का आयोजन किया गया था। इस दौरान पूर्व विधायक ने अपने ही अंदाज में भोजपुरी गायक मंटू दाँगी के साथ मिलकर भक्ति गीत से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व शोकाकुल परिवार ने पूर्व विधायक सहित मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल आदि को माला पहनाकर कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की मृतक ने जरूर पुण्य का काम किये होंगे जिसका परिणाम है कि आज इतना बड़ा आयोजन किया गया है। पूर्व विधायक ने कहा कि मृतक आत्मा की कृपा सदैव पीड़ित परिवार पर बना रहे। शोकाकुल परिवार इस दुख की बेला से निकल कर पुनीत आत्मा की शान्ती की कामना करें । मुखिया संघ अध्यक्ष ने कहा कि सच्चे मन से श्राद्ध करने से पुण्य आत्मा को शान्ती मिलता है। प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ मेरी पूरी सवेदना है। मौके पर भटबिगहा निवासी जिबलाल यादव, उमेश यादव, किशोर यादव, राजू यादव, सकलदेव यादव, बिनोद यादव, मनोज यादव, आषुतोष राणा, जगरनाथ यादव, छोटू यादव, भोला यादव, विजय साव, उमेश पासवान, उमेश यादव, किसुन यादव, बद्री पासवान, संजय यादव, शिबाली यादव, टुकन यादव, अरुण यादव, सहित सैकड़ों लोग।

## विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांडेय विधायक ने किया बेंगाबाद क्षेत्र का दौरा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आदरणीय गांडेय विधायक डॉ० सरफराज अहमद जी मंगलवार को सहयोगियों संग बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर सम्मानित माता, बहनों और जनता जनार्दन से जनसमस्या सुनते और निवारण हेतु निर्देश दिए।'सम्मानित माता बहनों ने विधायक जी और अन्य जनप्रतिनिधि गण का पा. रंपरिक तरीके से किया स्वागत। पीसीसी सड़क एवम बूढ़ा बूढ़ी थान का किए शुभ उद्घाटन गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद आज बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न सुदूर गांवों में पहुंचे। नवाहार,मेहाबांक, नैयाडाबर, रंगामाटी ,जुड़पनिया, गोलगो,रोहनिया टांड़, समेत कई अन्य गांव पहुंचे ,सम्मानित माता बहनों ने परंपरागत तरीके से विधायक जी एवम अन्य गणमान्य का स्वागत किए, मौके पर आदरणीय विधायक जी ने पीसीसी सड़क का शुभ उद्घाटन भी किए। साथ ही सभी से मिलकर समस्या सुनी और निवारण के लिए निर्देश दिए। साथ में बीस सूत्री अध्यक्ष नुनुराम किस्कू उर्फ टाइगर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जैनुल अंसारी, रिसा मरांडी, मो मिनसर, वाहिद खान, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण , समेत हीरालाल मुर्मू, सीता राम सोरेन, लखी राम मुर्मू, सोनाराम सोरेन, ज०न सोरेन, चूडका किस्कू,गोपाल हांसदा, महेंद्र दास समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे ।

## देवघर नगरी में धूम मचा रहा चौपारण के कलाकारों का गाना, एक्टिंग के हुए दीवाने






**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

सावन का पावन महीना आते ही बोलबम के गानों के गूँज उठता है इलाका। सावन के महीने में पहले पवन सिंह, सुनील छैला बिहारी, खेसारीलाल यादव, कल्पना आदि द्वारा गाये गाना ही सुनने को मिलता था लेकिन अब ग्रामीण स्तर पर भी प्रतिभा का कोई कमी नही है। इस बार चौपारण के युवकों द्वारा रचित बोलबाल का गाना देवघर नगरी में धूम मचा रहा है। नगवां निवासी राजेन्द्र राणा के पुत्र मनीष कुमार के निदेशन व प्रभात कुमार के गायन में बना ष्मेरे भोले नामक गाने में स्थानीय कलाकारों ने उमदा प्रदर्शन किया है। इस गाने को यूट्यूब चौनल म्यूजिक बुलेटिन पर रिलीज़ किया गया है। महज कुछ ही घन्टो में गाने को सैकड़ो की संख्या में लोगों ने देखा व सराहा। गाने के माध्यम से यह बताया गया है कि कैसे एक गरीब वर्ग का भक्त बिना केदारनाथ जाए बाबा भोले का दर्शन कर लेता है। निर्देशक मनीष कुमार ने बताया कि वो समाज में एक सन्देश देना चाहते हैं कि आप भले ही गरीब वर्ग से ताल्लुक रखते हों और केदारनाथ जाने में आसफल हों, यदि आपकी श्रद्धा सच्ची है तो हर हाल में भगवान आपको मिलेंगे। गीत पर आमलोगों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि हजारीबाग के युवा भी इतनी अच्छी गीत बनाने में समर्थ हैं. वो जब पहली बार इस गाने को सुने तो उन्हें लगा जैसे यह किसी बॉलीवुड फिल्म का गीत है। गाने का ज्यादातर वीडियो राजगढ़ स्थित बिगहा में किया गया है। गाना बनाने में अंकित राणा, अभिषेक कुमार, विक्की कुमार, आकाश सोनी, रिशु, अनिमेष, अर्पित, पवन, सिनेमाटोग्राफर अश्विनी और डायरेक्टर ऑफ़ फोटोग्राफी अभिनव ने महती भूमिका निभाया।

## एनटीपीसी के द्वारा पंदनवा टांड़ के पीड़ित परिवारों को दिया गया खाध्य सामग्री

### हाथियों के झुंड के डर से लोग स्कूल में बना रहे है अपना आशियाना

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम जुगरा टोला स्थित पंदनवा टांड़ में हाथियों के झुंड के द्वारा कई मकान व फसलों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। जिसकी सूचना एनटीपीसी को दिया गया। जहां मुखिया अनिकेत कुमार नायक ,पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम एवं वार्ड सदस्य वा कई प्रबुद्ध लोगों के अगुवाई में एनटीपीसी के महाप्रबंधक फैयज तैयब के उपस्थिति में हाथियों के द्वारा पीड़ित 36 परिवारों के बीच खाध्य सामग्री सहायता के रूप में दी गई। मौके पर महाप्रबंधक फैयज तैयब ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि मैं हमेशा हर जरूरत में आपलोगों के साथ हूं। जानकारी मिलते ही पीड़ित लोगों के हित में काम करूंगा। यह घटना काफी दुखद है। साथ ही इस गांव में चारों तरफ से श०लर प्लेट के द्वारा लाइट लगवाने का काम करूँगा।महाप्रबंधक से मांग करते हुए मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने कहा कि पेयजल की व्यवस्था के लिए दो डीप बोरिंग करवाया जाए। वहीं कृष्णा राम ने महाप्रबंधक से आग्रह करते हुए कहा कि यहां के महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का काम कीजिए। मौके पर अजीत कुमार उप प्रबंधक, कमला राम रजक वरीय प्रबंधक आर एंड आर ,वार्ड सदस्य बंगाली ठाकुर ,सुनील कुमार, बजरंगी रवि, रवि कुमार ,मंटू कुमार, प्रभु गंझू, देवा गंझू ,हरीश गाँझू,अमृत गंझू, जगदीश गंझू,बालेश्वर गझू , खैंदु सिंह भोक्ता, सुखलाल गंझू, अघन गंझू,फूलमती देवी, कुंती देवी मो सरस्वती देवी,बरसो देवी फागुनी देवी ,कमली देवी व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दो जरूरमंद दिव्यांग को प्रमुख व बीडीओ ने दिया ट्राईसाईकिल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




डेबो के दो दिव्यांग महेश रजक पिता देवकी रजक व प्रीति कुमारी पिता गोपाल यादव को स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव के पहल पर बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा दो ट्राई साईकिल उपलब्ध कराया गया। दोनो जरूरतमंदों को प्रमुख पूर्णिमा देवी व बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने ट्राई साइकिल सौंपा। पूर्णिमा देवी ने कहा कि ट्राई साइकिल मिलने से दोनो दिव्यांग भाई बहन को अपने जीवन के दिनचर्या में मददगार साबित होगा। कहा विकास की योजनाएँ हरेक जरूरतमंदों तक पहुँचे इसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूँगी। डेबो मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि दोनों दिव्यांग ट्राई साइकिल पाकर खुश है। हम आगे भी पंचायत के जरूरतमंदों को हर संभव मदद को तैयार हूं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, करमा पंचायत समिति बिनय चनद्रवंशी, पाण्डेयबारा पसस प्रतिनिधि मो अतहर हुसैन आदि उपस्थित थे।

## कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय में नए नामांकित 11 वीं की विद्यार्थियों का लिए स्वागत किया जा रहा है

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बडकागांव। कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय 11वीं के छात्र छात्राओं का स्वागत समारोह कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय बड़कागांव सत्र 2022 -24 के नामांकित 11वीं कक्षा में छात्र छात्राओं का स्वागत समारोह का आयोजन बार. हवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है। महाविद्यालय के सचिव प्रो. रामसेवक ने कहा की महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़े भाई के रूप में अपने छोटे भाई के लिए स्वागत कार्यक्रम विद्या अध्ययन के लिए एक कड़ी है। इस आयोजन में अतिथि के रूप में बडकागांव पश्चिमी जिप सदस्य सुनीता देवी एवं उप प्रमुख बच्चन कुमार शामिल हुए। आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य मनीषा भारती ने की। समारोह आयोजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो, संगीता कुमारी, प्रो. तनवीर कुमार, प्रो.आशा कुमारी ,छात्र राकेश कुमार , करण गिरी, सोनी कुमारी, नेहा परवीन, पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, शालू कुमारी, मोतीलाल, सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।




APEM LIVE

## मनरेगा कर्मचारी संघ में लंबित मांगों को लेकर विधायक को सौंपा मांग पत्र

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : मनरेगा कर्मचारी संघ बड़कागांव ने प्रदेश कमेटी के आह्वान पर अपनी लंबित मांगों को पूर्ति के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अरुण कुमार पासवान के नेतृत्व में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को अपना मांग पत्र सौंपा।और अपनी मांगों को पूरा करने को लेकर विधायक से आग्रह किया।विधायक अंबा प्रसाद ने आश्वासन देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर मनरेगा कर्मियों की मांग पुरी होगी।यह सरकार संविदा कर्मियों के जायज मांगों को पूरा करेगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी हीरो महतो ,अरुण कुमार पासवान, कनीय अभियंता जय प्रकाश चौधरी, लेखा सहायक अरसद रजा, कंप्यूटर सहायक विवेक कुमार सिंह, अंनत किशोर कुशवाह ,ग्राम रोजगार सेवक जुगेश्व राम, शंभु रविदास, तूफानी कुमार, फजलुर रहमान, सुरेंद्र कुमार, चंद्रशेखर आजाद मौर्य, अजय कुमार, राजू कुमार, सुबोध कुमार सिंह एवं कई मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।


विधायक को मांग पत्र सौंपते संघ के लोग

## गिरिडीह उपायुक्त ने कहा जिला के सभी प्रखंडो में लगेगा केसीसी कैंप

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

उपायुक्त गिरिडीह ने बताया कि किसानों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में केसीसी कैंप लगाया जायेगा जिसमे किसानों को केसीसी वितरण किया जायेगा. इस कार्य के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया जा चूका है. प्रखंड में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, एटीएम, जनसेवक इस केसीसी में अधिक से अधिक किसानों को केसीसी दिलवाने के लिए आवश्यक कार्य करेंगे हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में जिले से सौ से अधिक किसान लेंगे भाग प्रमंडल स्तरीय केसीसी वितरण मेगा कैंप कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हजारीबाग में आयोजित होगा जिसमे गिरिडीह जिला से 5 वैसे किसान भाग लेंगे जिन्हें टोकन के रूप में केसीसी दिया जायेगा वहीँ 100 वैसे किसान भाग लेंगे जिन्हें पूर्व में केसीसी मिल चूका है. उपयुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को सभी तैयारिया करने का निदेश दे दिया है।

## बरही के उदेशवर दीवाना का बोल बम गीत भोला पीही कोको कोला होगा रिलीज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




मयूरहंड प्रखंड के उदेशवर दीवाना आज कल यू ट्यूब में खूब सुर्खियां बटौर रहे है। काफी कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने खोरठा गीत में उन्होंने अपना एक अलग पहचान बनाया है। उन्होंने बताया की अभी तक वह कई एल्बम में बतौर अभिनेता काम कर चुके है। इसी क्रम में कल यानी दिन गुरुवार को उनका बोल बम का गीत भोला पिही कोको कोला रिलीज होने वाला है। इस गाने को खुद उदेशवर दीवाना और रौशनी राजधानी ने गया है। लिरिक्स रंजीत निराला, म्यूजिक उदेशवर दीवाना, रिक०र्डिंग हरिओम रिक०र्डिंग स्टूडियो बरही में किया गया है। मुख्य अभिनय के रूप में उदेशवर दीवाना और काजल राज ने काम किया है। और इस गाने का शूटिंग बगोदर के हसीन वादियों में किया गया है।

## यूवा कांग्रेस कमिटी गिरिडीह ने गृह मंत्री और पीएम का पुतला फूंका

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज बुधवार 27जुलाई 2022को शहीद भगत सिंह चौक पर गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली के नेतृत्व में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्रीनिवास बीवी जी के साथ कल दिल्ली में ईडी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन में दिल्ली पुलिस के द्वारा की गई बर्बरता और दूर्यव्यावहार के खिलाफ आज गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ़ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया! जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार ईडी का दुरुपयोग करते हुए हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी को लगातार परेशान किया जा रहा है और कई बार पूछ. ताछ के बाद भी किसी तरह का कोई मामला हमारे नेताओं के ऊपर नहीं आ रहा है फिर भी लगातार जिस तरह से हमारे नेताओं को परेशान करने का काम किया जा रहा हैं और इसको लेकर निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि केंद्र में शासित भाजपा की सरकार एक सोची समझी साजिश के तहत विपक्ष को देश से खत्म करना चाहती है और आज भाजपा हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है! जैसे महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम स्तर पर है और इन मुद्दों से जनता का ध्यान भटक. ाने के लिए केंद्र सरकार देश को गुमराह करने का काम कर रही हैं ! मौके पर गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला महासचिव यश सिन्हा, जिला मीडिया प्रभारी बिलाल अहमद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सतीश केडिया, महमूद अली खान, सुदामा राम, अमित सिन्हा ,सद्दाम हुसैन, राज किशोर सिंह, हारून रशीद समेत कई लोग मौजूद थे !

## फाँसी के फंदे से झूलता मिला विवाहित की शव

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**


शव को देखते छत से लोग

बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलिया पंचायत के खाखीपिपर गांव में बुधवार सुबह एक विवाहिता अपने कमरे में फाँसी लगाकर जान दे दिया।जानकारी के अनुसार बता दे कि खाखीपिपर गांव निवासी मजीद अन्सारी की पत्नी रूबी खातून 23 वर्षीय बताया जा रहा है। खाखीपिपर के मजीद अन्सारी ने तीन वर्ष पूर्व रूबी से शादी करके किसी तरह जीवन यापन कर रहे थे। लेकिन जब बुधवार सुबह देखा तो रूबी खातून की शव अपने कमरे में फाँसी की फंदे में झूलती मिली,बताया जा रहा है कि रूबी खातून जमुआ थाना के रहने वाली थी,और उनका शादी बिरनी थाना के खाखीपिपर मजीद अन्सारी से हुआ था। गौरतलब यह है कि फाँसी लगाने की वजह एक पहेली बन के रह गया है। घटना की सूचना जब गांव वाले को मिला तो भीड़ उमड़ पड़ी,फिर घटना की सूचना बिरनी पुलिस को दिया गया सूचना मिलते ही बिरनी पुलिस आपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर जाँच पड़ताल में जुड़ गए शव को अपने कब्जे में लेकर बिरनी पुलिस जाँच की प्रक्रिया को मोबाइल में रे. कॉर्ड कर रहे थे। इसी बीच लड़की के मायके वाले ने पुलिस कर्मी का मोबाइल छीन लिया और हाथापाई भी कर दिया वही 1 घंटे तक ड्रामेबाजी भी दोनो पक्षों से होने लगा वही मामला में तूल पकड़ता गया, जिसके बाद बिरनी पुलिस ने दोनों पक्षों को ड्रामेबाजी किसी तरह शांत करके समझौता करने का निर्णय लिया तब जाकर मामल शांत हुआ। बिरनी एस आई जेपी यादव, एस आई एम के सिंह ने इस मोर्जा को सम्भला वही दोनो पक्षों ने समझौता करके किसी पर आरोप प्रतिआरोप नहीं लगया और बिरनी पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर


## विष्णुगढ़ में हाथियों के झुंड ने लगातार दूसरे दिन भी मचाई तबाही

### जोबर पंचायत सचिवालय में हाथियों ने कंप्यूटर व कुर्सी टेबल तोड़े

**अपेम लाइव: विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के जंगल में विचरण करते हाथियों का झुंड

विष्णुगढ़ पहुंचे हाथियों के झुंड ने लगातार दूसरे दिन भी भारी तबाही मचाई। मंगलवार की शाम ढ़लते हीं झुंड जोबर पंचायत सचिवालय आ धमके। पंचायत भवन में लगे लोहे के ग्रिल को तोड़कर हाथी अंदर दाखिल हुए और वहां रखे कई कुर्सी, टेबल व अन्य उपस्करों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा एक कमरे में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर तथा जोरेक्स मशीन को भी झुंड ने क्षतिग्रस्त कर दिया। बंदखारो के टहल महतो, खीरोधर महतो, चिंतामन महतो, त्रिभुवन महतो, जयलाल महतो के खेत में लगे मकई, भिंडी, केला तथा अन्य फसलों को रौंद दिया। गुजर महतो के घर के गेट को तोड़कर उसमें रखे आलू, प्याज समेत खाद्यान्न चट कर गए। भारी तबाही देखकर ग्रामीण एकजुट हुए और झुंड को मशाल व पटाखे के शोर से दूर भगाने का प्रयास किया। बताया जाता है कि झुंड में करीब दो दर्जन से अधिक हाथी शामिल हैं। इसके बाद हाथी जंगल होते हुए हथबजवा स्कूल पहुंचे। वहां स्कूल के गेट को तोड़कर रखे चावल, दाल समेत अन्य खाद्यान्न चट कर गए। इसके बाद रात लगभग 10 बजे झुंड नागी पंचायत के कुबिटांड पहुंचे। नागी में लोकी महतो के घर के एक कमरे को ध्वस्त कर उसमें रखे हुए अनाज चट कर गए। झुंड ने किसानों के खेत में लगे मक्के की फसल को भी भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाया है। लंबकीटांड में रामेश्वर महतो के मक्के की फसल तथा केला को रौंद दिया। इसके बाद वन विभाग की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची और झुंड को सायरन तथा पटाखे की आवाज से केंदेयाटांड से डूमरकुदर होते हुए बोरो जंगल की ओर खदेड़ दिया। हाथियों के भय से आधे दर्जन से अधिक गांवों के लोग रतजगा करते हुए भयाक्रांत रहे। बुधवार की शाम हाथियों का झुंड बनासो पंचायत के गरहमुर्गी जंगल में देखा गया। इधर, जोबर के पूर्व मुखिया मुनीलाल महतो ने वन विभाग से पीड़ित लोगों के लिए क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## हाइटेंशन टावर के एंगल की चोरी करने चढ़े तीन चोरों की मौत

**अपेम लाइव: विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में हाइटेंशन टावर के एंगल चोरी के दौरानक्षतिग्रस्त हुआ टावर

बिजली के हाइटेंशन टावर में लगे लोहे का एंगल चोरी करने चढ़े तीन चोरों की हादसे में मौत हो गई। मामला विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लेदी मोड़ के पास की है। बताया जाता है कि लेदी मोड़ के पास गुजरे 4 लाख 32 हजार वोल्ट का हाइटेंशन टावर गुजरा हुआ है। उसमें करंट प्रवाहित है। उसी टावर में लगे एंगल की चोरी करने के लिए तीन चोर मंगलवार की रात चढ़े। लोहे के सभी एंगल बोल्ट के सहारे कसे हुए हैं। तीनों चोर बोल्ट को खोलकर एंगल की चोरी कर रहे थे। इसी दौरान एंगल खुलने के कारण टावर का संतुलन बिगड़ गया और वह धाराशाई हो गया। जिसमें दो चोरों की मौत नीचे गिरकर हो गई। वहीं, टावर में एक चोर का शव फंसा रह गया। घटना के बाद रात में हीं चोर गिरोह के लोग नीचे गिरे दोनों शवों को लेकर फरार हो गए। बुधवार तड़के ग्रामीण जब धाराशाई हुए टॉवर के पास पहुंचे तो देखा कि एक शव टॉवर के उपर लटका हुआ है और नीचे खून के धब्बे बिखरे हुए हैं। इसके अलावा चार जोड़ी चप्पल भी फेंका हुआ है। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की तो पाया कि लोहे का एंगल चोरी करने के दौरान हादसा हुआ है। नीचे बिखरे खून के धब्बे तथा चार जोड़ी चप्पल पाए जाने को आधार मानकर इसमें और लोगों की संलिप्तता होने की आशंका से इलाके में टीम बनाकर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें स्थानीय बिलंडी बिरहोर टंडा में छानबीन की गई तो वहां एक घर के बंद कमरे से दो शव बरामद किया गया। शव की पहचान चनुन्त बिरहोर पिता मंगरा बिरहोर तथा नरेश बिरहोर पिता स्व. बुधन बिरहोर के रूप में की गई। वहीं, पुलिस ने पावर ग्रिड के अधिकारियों से बातकर शव को नीचे उतरवाया। जिसकी पहचान बिरहोर टंडा के हीं चक्कू बिरहोर पिता मंगर बिरहोर के रूप में की गई। फिलहाल पुलिस तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अलावा संलिप्त अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

## प्राथमिक विद्यालय तिवारीडीह के विद्यार्थियों को नहीं मिला मध्यान भोजन राशी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**





गिरिडीह जिला के देवरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तिवारीडीह में एसएमसी सचिव और अध्यक्ष के मिलीभगत से मध्याह्न भोजन राशि वितरण में भारी अनियमितता बरतने को लेकर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों और अभिभावकों ने देवरी बीआरसी और प्रखंड मुख्यालय में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई थी मगर आज तक कोई कार. 'वाई नहीं हुई। प्राप्त जानकारी अनुसार बीते 22 जुलाई को अभिभावकों और विद्यार्थियों ने बीआरसी और प्रखंड में आवेदन देकर शिकायत किया था । विगत मंगलवार को ग्रामीणों ने उक्त विद्यालय के सचिव रघुवीर तिवारी से पूछ ताछ किया तो सचिव ने हंगामा खड़ा कर दिया। मामला बिगड़ता देख बुधवार को देवरी बीआरसी से बीआरपी रविन्द्र कुमार और बंटी सिंह विद्यालय पहुंचकर मामले का जायजा लिया। जांच के दौरान विद्यालय सचिव ने पासबुक दिखाया जो जून माह तक ही अपडेट पाया गया जिसमे 134 दिनों का 41 बच्चों का राशि 27305 रुपया,20 दिनों का 69 बच्चों का राशि 6895 रुपया और 206 दिनों का 88 बच्चों का राशि 90096 रुपया अंकित था ।टोटल राशि 124296 रुपया होता है लेकिन उक्त विद्यालय के सचिव रघुवीर तिवारी ने कुछ बच्चों के बीच मात्र 500 रुपया वितरण मनमाने तरीके से कर दिया जिसका उन्होंने एक रजिस्टर भी दिखाया लेकिन किसी भी बच्चों का या अभिभावकों का हस्ताक्षर नहीं था ।इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को बीआरपी के सामने विद्यालय में नामांकित बच्चों का नामांकन पंजी और एस एम सी पंजी दिखने को कहा तो बात को टालमटोल करते हुए सचिव बोला की आगामी 30 जुलाई को पंजी दिखाएंगे। अभिभावकों का कहना है कि संबंधित विभाग और सचिव के मिली भगत से तब तक नकली पंजी तैयार कर के ग्रामीणों को दिखा दिया जाएगा ।क्योंकि इस राशि निकासी में एसएमसी के किसी भी सदस्यों का हस्ताक्षर नहीं है ।मनमाने तरीके से बिना एसएमसी सदस्यों को सूचना किए अध्यक्ष बदल दिया गया है जो नियम के विरुद्ध है ।वहीं इस बात को लेकर बुधवार को पुनः हंगामा खड़ा हो गया किन्तु विभाग से ग्रामीणों को कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला ।मौके पर कृष्णवल्लभ तिवारी,भारत तिवारी,छोटू लाल तिवारी,ठाकुर तिवारी, धीरेन चौबे,भुनेश्वर रजक,रूपेश तिवारी,उमेश कुमार यादव,बीरेंद्र यादव,सदानंद साव,शुशिला देवी,दिलीप तिवारी,श्याम तिवारी,समेत दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।





